दिनांक—09.01.2026 को श्री हिमांशु कुमार राय, भा0प्र0से0, आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल की अध्यक्षता में दरभंगा प्रमंडल अन्तर्गत मनरेगा योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति – पंजी के अनुसार।

सर्वप्रथम आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल की अध्यक्षता में क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी, दरभंगा प्रमंडल द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही शुरू की गई।

बैठक में लिए गए निर्णयों एवं विभागीय योजनाओं/कार्यों के समीक्षोपरांत दिये गए निदेशों की विवरणी निम्नवत है :–

**Khel Maidan Progress Report**

| S.No. | District | Total Panchayat | Total Schemes | Total Physically Completed Status of Khel Maidan | Total Physical Completed % |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Darbhanga | 308 | 156 | 133 | 85.26 |
| 2 | Madhubani | 386 | 260 | 222 | 85.00 |
| 3 | Samastipur | 346 | 194 | 194 | 100.00 |

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर जिलों में खेल मैदान की पूर्णता का प्रतिशत कमशः 85.26%, 85.00% एवं 100% प्रतिशत है। दरभंगा एवं मधुबनी जिलान्तर्गत अपूर्ण खेल मैदानों को पूर्ण करने तथा तीनों जिलों के वैसे पंचायत जहां वर्तमान में खेल मैदान उपलब्ध नहीं है वहां एक–एक खेल मैदान के लिए जगह चिन्हित कर खेल मैदान बनाने हेतु आवश्यक निदेश दिये गये।

(**अनुपालन**—उप विकास आयुक्त, दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर)

(**अनुपालन**—जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर)

(110)

## Aadhar Authentication (e-KYC) Status Report

| S.No. | District | Active workers Adhar Seeded | e-KYC Done | % of e-KYC |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | **Darbhanga** | 359908 | 230490 | 64.04 |
| 2 | **Madhubani** | 334794 | 219777 | 65.65 |
| 3 | **Samastipur** | 454354 | 292599 | 64.40 |

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर जिलों में आधार आच्छादित सक्रिय लाभार्थियों का प्रतिशत कम है जिसे अगले माह तक 75% करने का लक्ष्य दिया गया।

(**अनुपालन**–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर)

## PMAY-G Progress Report Under MGNREGA

| S.No. | District | Total Schemes available | eMR issued for PMAY-G schemes | % |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | **Darbhanga** | 12431 | 4400 | 35.40 |
| 2 | **Madhubani** | 30841 | 6768 | 21.94 |
| 3 | **Samastipur** | 14755 | 6751 | 45.75 |

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण में पूर्णता का प्रतिशत काफी कम है। प्रमंडलीय आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल द्वारा पूर्णता कम रहने पर खेद व्यक्त किया गया तथा इसे यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु आवश्यक निदेश दिये गये।

(**अनुपालन**–उप विकास आयुक्त, दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर)
(**अनुपालन**–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर)

## Work Completion

| S.No. | District | No. of Works started | No. of Works Completed | Work Completion Rate |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | Darbhanga | 338405 | 294957 | 87.16 |
| 2 | Madhubani | 319852 | 268131 | 83.83 |
| 3 | Samastipur | 446780 | 386699 | 86.55 |

मनरेगा योजनाओं की भौतिक स्थिति की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर जिलान्तर्गत योजनाओं में पूर्णता का प्रतिशत कम है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा द्वारा बताया गया कि विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में व्यस्तता के कारण एवं कार्यक्रम पदाधिकारियों के तबादले के कारण कार्य में शिथिलता आयी है। अपूर्ण कार्यों को 31 मार्च 2026 तक पूर्ण कराने हेतु आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल द्वारा आवश्यक निदेश दिये गये।

(**अनुपालन**—उप विकास आयुक्त, दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर)

(**अनुपालन**—जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर)

## अन्य निदेश :—

1. आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल द्वारा निदेश दिया गया कि मनरेगा अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों की संख्या एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये।
2. आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल द्वारा औद्योगिक विकास हेतु अवसंरचना पर विशेष जोर देने हेतु निदेश दिया गया।
3. आम के पेड़ की आवश्यकता को देखते हुए प्रमंडलीय आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को दो आम का पेड़ अवश्य लगाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही बांस के पौधे को भी लगाने का सुझाव दिया गया।
4. सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा को नियमित रूप से प्रखंड भ्रमण कर उपलब्ध मापी पुस्तिका, कैशबुक, बैंक पासबुक, रिकॉर्ड का निरीक्षण करने तथा अपने कार्य प्रणाली में सुधार करते हुए सभी प्रतिवेदन को अद्यतन रखने का निदेश दिया गया। उन्हें निदेशित किया गया कि वे सभी ग्रामीणों से आदरपूर्वक बात करेंगे तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लोगों को अवगत करायेंगे। साथ ही अपने—अपने कार्यालय में स्वच्छता बनाये रखेंगे तथा नियमित रूप से कार्यालयों का साफ—सफाई करायेंगे।
5. सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा सरकार द्वारा संचालित पुराने लंबित योजनाओं को प्राथमिकता देकर शीघ्र पूर्ण करेंगे तथा अगली समीक्षात्मक बैठक में आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल को इससे अवगत करायेंगे।

(108)

6. सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा यह सुनिश्चित करेंगे कि वृक्षारोपण योजना के तहत लगने वाले पेड़–पौधे विभिन्न किस्मों का हो तथा वृक्षारोपण के तहत लगाये गये पेड़–पौधों का नियमित रूप से ध्यान रखेंगे।

**अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

2.2.26

R.D.O.

**(हिमांशु कुमार राय,** भा0प्र0से0)
आयुक्त
दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।

ज्ञापांक :–......119.../ ........... दिनांक–........02.02.2026

प्रतिलिपि :– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– उप विकास आयुक्त, दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– माननीय मुख्यमंत्री के सचिव, बिहार सरकार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2.2.26

R.D.O.

आयुक्त
दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।